**दिनांक : 25.05.2025** **समय : 07.10PM**

## प्रादेशिक समाचार एकांश

## आकाशवाणी भो□ाल

## सांध्यकालीन समाचार

- ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं, बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस–प्रधानमंत्री की मन की बात।
- भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक, सुशासन के मुद्दों पर हुई चर्चा।
- उपराष्ट्रपति कल करेंगे नरसिंहपुर में कृषि उद्योग समागम–2025 का शुभारंभ।
- मौसम विभाग के अनुसार नौतपा में भी भीगेगा प्रदेश।

**अब समाचार विस्तार से–**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है, आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं हैं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है।

आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि तेलंगाना के संगारेड्डी जिले की महिलाएं ड्रोन की मदद से 50 एकड़ भूमि में दवा का छिड़काव कर रही हैं। गांव वालों ने भी इस परिवर्तन को दिल से स्वीकार किया है। अब ये महिलाएं ड्रोन ऑपरेटर नही स्काई वॉरियर्स के नाम से जानी जाती हैं। ये महिलाएं हमें बता रही हैं, बदलाव तब आता है जब तकनीक और संकल्प एक साथ चलते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स बहुत सफल रहे और इसमें कुल 26 रिकार्ड बने। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का यह पहला आयोजन था। पूरे विश्व के लोगों ने हमारे युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखा और सराहा। प्रधानमंत्री ने पेपर वेस्ट और रिसाइक्लिग का भी जिक्र किया। श्री मोदी ने बताया कि एक टन पेपर की रिसाइक्लिग से 17 पेड़ कटने से बचते हैं और हजारों लीटर पानी की बचत होती है। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि वे घरों और कार्यालयों में पेपर को अलग करके रिसाइक्लिग के काम में योगदान करें।

**मन की बात–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने "मन की बात" कार्यक्रम का श्रवण करने के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "मन की बात" कार्यक्रम जन संवाद का अनूठा माध्यम है। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया "एक्स" पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का "मन की बात" कार्यक्रम युवा शक्ति, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार से लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाला संवाद कार्यक्रम है, जो राष्ट्रवासियों को नई ऊर्जा और दिशा देता है। प्रधानमंत्री के ओजस्वी, प्रेरणादायक और दूरदर्शी विचार राष्ट्रसेवा, सामाजिक जागरूकता और जनहित में कार्य करने की सतत प्रेरणा देते रहते हैं।

**भारतीय अर्थव्यवस्था**

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा है कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दिल्ली में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए, डॉ. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार, आज भारत जापान से बड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत अब चौथी सबसे बड़ी

अर्थव्यवस्था है और इसकी कुल कीमत चार ट्रिलियन डॉलर है। उन्होंने भरोसा जताया कि अगले दो से तीन वर्षों में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

**एनडीए शासन**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की आज नई दिल्ली में एक दिवसीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। भाजपा के सुशासन विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक में सुशासन के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हिस्सा लिया। एनडीए शासित सभी 20 राज्यों के 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों ने सुशासन के मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि इस बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित था और दूसरा प्रस्ताव जाति जनगणना कराने के सरकार के फैसले से संबंधित था।

श्री नड्डा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर प्रस्ताव में नेताओं ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने में भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और साहस की सराहना की। श्री नड्डा ने कहा कि उनकी पार्टी यह स्पष्ट करना चाहती है कि वह जातिवाद की राजनीति नहीं करती है क्योंकि पिछड़ों को मुख्यधारा में लाना समाज की आवश्यकता है।

**बाइट– जेपी नड्डा**

इस सम्मेलन में नेताओं ने एनडीए शासित विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा अपनाए गए सर्वोत्तम तरीकों पर भी चर्चा की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर भी विचार–विमर्श किया गया।

**कृषि उद्योग समागम– उप राष्ट्रपति**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड कल नरसिंहपुर में "उद्योग एवं रोजगार वर्ष" के अंतर्गत "कृषि उद्योग समागम 2025" का शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य प्रदेश की कृषि–आधारित अर्थव्यवस्था को प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन से जोड़ते हुए निवेश, नवाचार और नौकरियों के नए द्वार खोलना है।

इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित किसान भाई उपस्थित रहेंगे। समागम 28 मई तक चलेगा।

मध्यप्रदेश अब गेहूं, दलहन, तिलहन, दुग्ध उत्पादन से लेकर एग्री–टेक तक कृषि से जुड़ी संभावनाओं का राष्ट्रीय केंद्र बनता जा रहा है। नरसिंहपुर की तुअर दाल को "वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट" योजना के तहत राज्य की पहचान के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है।

**राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा**

प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल के विशेष अभियान राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा में अब बारी है आपकी प्रतिक्रिया सुनने की। आईये सुनते हैं सागर जिले के बांदा से मुकेश शर्मा और नरसिंहपुर से ऋतु राजपुत का संदेश।

**सिकल सेल–धार**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने धार जिले में जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कहा है कि सिकल सेल को खत्म करने के लिए स्क्रीनिंग के बाद जेनेटिक काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि धार जिले में 12 लाख लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें से लगभग 25 सौ लोग पॉजिटिव पाए गए हैं।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि उन्होंने जन औषधि केंद्रों पर आयुष विभाग के माध्यम से दवाइयों की उपलब्धता कराई गई है। उन्होंने पॉजिटिव पाए गए लोगों से नियमित दवाई लेने और व्यायाम करने, सुपाच्य भोजन करने, ठंडे पानी से नहीं नहाने और अधिक मात्रा में पानी पीने की समझाइश दी।

## मौसम

प्रदेश में कहीं तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है तो कहीं भीषण गर्मी का कहर है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और एक ट्रफ की वजह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। इस वजह से आने वाले चार दिन तक आंधी और बारिश का अलर्ट है। आज से शुरू हुए नौतपा के दौरान आंधी–बारिश वाला मौसम रहेगा। आज इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत 40 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है।

## समाचार संक्षेप में .....

- संघ लोक सेवा आयोग की यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा रविवार को भोपाल में 50 केंद्रों पर आयोजित की गई। जिसने 15 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए। ऑफलाइन मोड में यह परीक्षा दो शिफ्ट में संपन्न हुई।
- लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैतूल जिले में कई योजनाएं चलाई जा रही है।
- शहडोल जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना में पशुपालकों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पहले आओ पहले पाओ चयन प्रक्रिया के आधार पर हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा।
- खंडवा में आज नगर निगम द्वारा वर्षा जल संचयन को लेकर दो बैठकों का आयोजन किया गया।
- भोपाल में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में पुलिस मुख्यालय में पदस्थ आरक्षक की मृत्यु हो गई। यह घटना कांस्टेबल की कार पुल से टकराने की वजह से हुई।
- क्वालालाम्पुर में मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के किदाम्बी श्रीकांत उपविजेता रहे। आज खेले गए पुरुष सिंगल्स फाइनल में उन्हें चीन से हार का सामना करना पड़ा।
- आईपीएल टी20 क्रिकेट का दूसरा मैच आज दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में साढे सात बजे से सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा।

............